अनुस्मारक–तृतीय
बैठक दिनांक–26.06.2024 पूर्वान्हन 11.00 बजे
शीर्ष प्राथमिकता/आज ही/ई–मेल
संख्या–1286 /आठ–6–2024

प्रेषक,

गिरीश चन्द्र मिश्र,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

उपाध्यक्ष/अध्यक्ष,
समस्त विकास/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश।
(उन्नाव, हापुड़, बरेली, मिर्जापुर, सोनभद्र, वाराणसी, मुजफ्फरनगर, मेरठ, अयोध्या, बागपत, बुलन्दशहर, कानपुर, सहारनपुर, लखनऊ एवं मुरादाबाद को छोड़कर)

आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–6 **लखनऊः दिनांक 25 जून,2024**

विषयः समूह–'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने की व्यवस्था के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक शासन के पत्र संख्या–1209/आठ–6–2024, दिनांक 13.06.2024, शासन के पत्र संख्या–1223/आठ–6–2024, दिनांक 18.06.2024 एवं शासन के पत्र संख्या–1245/ आठ–6–2024, दिनांक 20.06.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आवास एवं शहरी नियोजन विभाग से संबंधित समूह–'क' एवं 'ख' श्रेणी के अधिकारियों की वार्षिक गोपनीय प्रविष्टि मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन दाखिल किये जाने की व्यवस्था के संबंध में workflow जनरेशन से संबंधित कार्यवाही की सूचना शासन को अनिवार्य रूप से पूर्ण कराकर आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–6 की ई मेल आई0डी0 awasanubhag6@gmail.com पर उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया था, परन्तु उक्त सूचना शासन में अभी तक अप्राप्त है।

2– अतएव इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन के उपर्युक्त संदर्भित पत्र दिनांक–13.06.2024, पत्र दिनांक–18.06.2024 एवं 20.06.2024 के कम में वांछित Workflow जनरेशन से संबंधित कार्यवाही की सूचना पूर्ण कराकर आवास एवं शहरी नियोजन अनुभाग–6 की ई मेल आई0डी0 awasanubhag6@gmail.com पर दिनांक–25.06.2024 तक अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराते हुए **दिनांक–26.06.2024 को पूर्वान्हन 11.00 बजे विशेष सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग की अध्यक्षता में आहूत बैठक में वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से** समस्त विकास प्राधिकरण/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण प्रतिभाग करने का कष्ट करें। बैठक हेतु लिंक तत्सयम उपलब्ध करा दिया जायेगा। प्रकरण मा0 मुख्यमंत्री जी के आदेशों से अच्छादित है। अतएव शीर्ष प्राथमिकता अपेक्षित है।

भवदीय,

(गिरीश चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, आवास एवं शहरी नियोजन विभाग,उ0प्र0 शासन।
2. समस्त सचिव, विकास प्रधिकरण/विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश को उक्त बैठक में Workflow जनरेशन से संबंधित अद्यतन सूचना सहित वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से ससमय प्रतिभाग करने हेतु।

आज्ञा से,

(गिरीश चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव।

R.Draft